भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण

राजभाषा अनुभाग

*****

सं. सीईए-एसवाई-27-13/1/2022-रा.भा./24

दिनांक- 17 अगस्त, 2026

## परिपत्र

**विषय: के.वि.प्रा. की 'विद्युत वाहिनी' राजभाषा त्रैमासिक पत्रिका के आगामी अंको में प्रकाशन हेतु रचनाएं भेजने का अनुरोध।**

कैंद्रीय विद्युत प्राधिकरण की राजभाषा त्रैमासिक पत्रिका विद्युत वाहिनी के 16वें अंक का प्रकाशन कर दिया गया है। विद्युत वाहिनी पत्रिका के सभी अंक डिजिटल रूप से केविप्रा की वेबसाइट **www.cea.nic.in** के **राजभाषा पत्रिका लिंक** में उपलब्ध है तथा पत्रिका के आगामी अंक हेतु आप सभी से निम्नलिखित विशेषांक **"केविप्रा के स्वर्णिम 50 वर्ष"** पर आधारित रचनाएँ तथा तकनीकी लेख आमंत्रित किए जाते हैं। प्रत्येक अनुभाग/प्रभाग से न्यूनतम एक लेख/कविता भेजे जाने का अनुरोध किया जाता है।

उक्त परिपत्र में विस्तृत रूप से मानदेय तथा अन्य सभी विवरण दिए गए हैं तथा आपसे अनुरोध है कि दिनांक 10 सितंबर, 2026 तक संलग्न वचन-पत्र के साथ अपनी रचनाएँ यथाशीघ्र भेजने का कष्ट करें जिसके लिए केविप्रा के कार्मिकों के लिए निम्नलिखित प्रकार से मानदेय दिए जाने का भी प्रावधान है-

- **तकनीकी लेख के लिए अधिकतम राशि रू0 2000/- मात्र तथा**
- **गैर-तकनीकी लेख/कविता आदि के लिए अधिकतम राशि रू0 1000/- मात्र**

लेख संपादन योग्य प्रारूप (editable form) में होने चाहिए, साथ में लेखक/लेखकों का नाम, पासपोर्ट आकार का फोटो, पदनाम, प्रभाग, फ़ोन नंबर व ईमेल भी भेजें। लेखों के साथ आपका बैंक खाता संख्या, IFSC कोड और बैंक का नाम भी भेजा जाए ताकि प्रकाशन के लिए लेख के चयन पर राशि की प्रतिपूर्ति की जा सके। (Your bank account number, IFSC code, and bank name also be sent along with the articles, so that the amount can be reimbursed upon selection of the article for publication).

सामग्री भेजने के लिए ईमेल-

rajbhasha-cea@gov.in

vidyutvahini-cea@gov.in

केविप्रा के प्रभागों/अनुभागों के कार्यकलापों व उपलब्धियों, पावर सेक्टर से संबंधित समाचार/बैठकों के समाचार, फोटो सहित सम्मिलित करने के लिए पत्रिका के आगामी अंक में प्रकाशनार्थ आमंत्रित किए जाते हैं।

17/08/26

(शेफ़ाली दुष्यन्त)

सहायक निदेशक (राजभाषा) प्रभारी

सेवा में,

1. केविप्रा के सभी अधिकारी/कर्मचारीगण।
2. केविप्रा के सभी अधीनस्थ कार्यालय।

प्रतिलिपि सूचनार्थः

राजभाषा प्रभारी एवं मुख्य अभियंता (एचआरडी), केविप्रा